
www.amritvichar.com

# अमृत विचार

लखनऊ महानगर

लखनऊ, शुक्रवार, 6 मार्च 2026


सुविचार



सपना वह नहीं होता जो आप नींद में देखते हैं, यह तो कुछ ऐसी चीज है जो आपको सोने नहीं देती है।

-अब्दुल कलाम


लखनऊ के प्रमुख समाचार

- होली के दिन रंजिश में युवक को मारी गोली II
- बोरा ने बजाया ढोल, पाठक और शर्मा ने खेला रंग III
- जीत के लिए तैयारियों को धार दे रहीं प्रगति IV




**रमजान का 16वां दिन**

| सहरी | इफ्तार |
|---|---|
| सुन्नी : 5:04 | सुन्नी : 6:13 |
| शिया : 4:54 | शिया : 6:21 |

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

## शहर में आज



- महानगर में गोल्डन सेलीब्रेशन मंदिर मार्ग पर अग्रवाल समाज का होली मिलन समारोह- 8:00 बजे से।
- अलीगंज में सेक्टर ई स्थित भारतीय भू वैज्ञानिक सर्वेक्षण स्थित वीकेएस वरदन सभागार में भारतीय भू वैज्ञानिक सर्वेक्षण के 176वें स्थापना दिवस पर कार्यक्रम- 10:00 बजे।

पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

## सिटी ब्रीफ

### नगर निगम में संपूर्ण समाधान दिवस आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** लालबाग स्थित नगर निगम मुख्यालय के त्रिलोकनाथ सभागार में महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में शुक्रवार सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा। जिसमें गृहकर, जलकर, जीआईएस सर्वे के बाद कर निर्धारण में आपत्तियां, सफाई व्यवस्था, कूड़ा उठान, सड़क मरम्मत, सीवर, स्ट्रीट लाइट, अतिक्रमण, जलापूर्ति आदि से सम्बंधित समस्याओं की सुनवाई की जाएगी। नगर आयुक्त और अन्य अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### जंक्शन पर लगाया टॉय ट्रेन का मॉडल

**अमृत विचार, लखनऊ :** पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल की ओर से लखनऊ जंक्शन स्टेशन पर चलती हुई टॉय ट्रेन का मॉडल लगाया गया है। ये मॉडल सिविल, मैकेनिकल और सिग्नल सिस्टम की बुनियादी अवधारणाओं को दर्शाता है, जिससे यात्रियों को रेलवे संचालन की जानकारी मिलती है। मॉडल देखने के लिए लोग रुककर उत्सुकता से ट्रेन की कार्यप्रणाली को समझने की कोशिश करते हैं। इससे न केवल रेलवे के प्रति लोगों की जिज्ञासा बढ़ रही है, बल्कि उन्हें रेल व्यवस्था की कार्यप्रणाली को समझने में भी मदद मिल रही है। इस टॉय ट्रेन मॉडल में टनल, स्टेशन, सिग्नल और ट्रैक की संरचना को भी बारीकी से दर्शाया गया है।

# नाका ओवरब्रिज पर मांझे की चपेट आए बाइक सवार अधेड़ और युवक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** लखनऊ में मांझे से होने वाले हादसे रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। गुरुवार को नाका ओवरब्रिज पर मांझे की चपेट में आकर बाइक सवार अधेड़ और युवक के गले कट गए। दोनों को गंभीर हालत में सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सुशांत गोल्फ सिटी निवासी प्रणव यादव गुरुवार को दोस्तों के साथ बाइक से पानदरीबा से लौट रहे थे। नाका फ्लाईओवर पर मांझा उनके नाक और गले के बीच फंस गया। कसाव से गले और नाक दोनों में कट लग गया। प्रणव ने ब्रेक लगाया तो बाइक अनियंत्रित हो गई। खून से लथपथ प्रणव सड़क पर गिर पड़े। राहगीरों की मदद से प्रणव को श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टर ने टांके लगाए।

माल एवेन्यू शिवपुरी निवासी राम खेलावन गुरुवार शाम करीब 58 बजे नाका फ्लाईओवर पर मांझे की चपेट में आ गए। पशुपालन विभाग कर्मी राम खेलावन कूलर बनवाने बाइक से जा रहे थे।

फ्लाईओवर पर उनके गले में मांझा फंस गया। बाइक अनियंत्रित होने से वह रेलिंग से टकराते बचे। मदद के लिए दौड़े राहगीरों ने आनन फानन पुलिस को सूचना दी। पुलिस राहगीरों की मदद से घायल राम खेलावन को श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल लेकर पहुंची। जहां उनके टांके लगाए गए। दोनों का सिविल में इलाज चल रहा है। एसओ हुसैनगंज शिवमंगल सिंह ने बताया कि दोनों मामलों में किसी भी घायल ने अभी तक तहरीर नहीं दी है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।





मांझे से घायल प्रणव और दूसरे घायल राम खेलावन की पट्टी करता चिकित्सकर्मी। अमृत विचार

### पहले भी हुए हैं हादसे

- 25 फरवरी : चौक स्थित चरक ओवरब्रिज पर मांझे की चपेट में आने से डॉक्टर दीपक गुप्ता घायल।
- 25 फरवरी : डीएवी ओवरब्रिज पर मांझे से स्कूटी सवार किशोरी का हाथ कटा।
- 22 फरवरी : हसनगंज रामाधीन इंटर कॉलेज के पास मांझे से कटा युवक का गला।
- 14 फरवरी : हुसैनगंज ओवरब्रिज पर पत्नी व बेटी संग जा रहे मो. मुशर्रफ की गर्दन कटी।
- 13 फरवरी : कैंट में ध्रुव नारायण पांडेय कैंट इलाके में मांझे से घायल हुए।
- 08 फरवरी : ठाकुरगंज में मांझे से पोर्टर गुड्डू की नाक कटी।
- 08 फरवरी : नाका फ्लाईओवर पर मांझे की चपेट में आने के मुकेश की भौं कटी।
- 08 फरवरी : हीवेट रोड पर मांझे से छात्र आकिब घायल।
- 07 फरवरी : ठाकुरगंज में मांझे ने रेती विमलेश तिवारी की नाक।
- 04 फरवरी : हैदरगंज ओवरब्रिज पर गर्दन कटने से मोहम्मद शोएब (33) की मौत।
- 05 फरवरी : चौक में मांझे से हाईस्कूल छात्र नजम खान की गर्दन कटी।
- 05 फरवरी : शहीद पथ इकाना हॉस्पिल के पास चाइनीज मांझे से रिटायर्ड सैन्यकर्मी बृजेश राय का चेहरा कटा।
- 05 फरवरी : गोमतीनगर विस्तार में बिजली विभाग के कर्मचारी सुधीर कुमार चाइनीज मांझे से घायल।

# ट्रेनों में लंबी वेटिंग, बसों में भी भीड़ बढ़ी

## लखनऊ से दिल्ली, मुंबई, जयपुर और देहरादून रूट पर 25 हजार से ज्यादा यात्री प्रतीक्षा सूची में

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** होली के बाद लखनऊ से दिल्ली, मुंबई, जयपुर और देहरादून जाने वाली ट्रेनों में कंफर्म टिकट के लिए मारामारी मची है। पुष्पक, अवध और तेजस में प्रतीक्षा सूची लंबी है। सूत्रों के मुताबिक इन रूटों पर स्लीपर और थर्ड एसी कोच में ज्यादा दबाव है। 25 हजार से अधिक यात्री प्रतीक्षा सूची में हैं, जबकि तत्काल कोटे में केवल लगभग 4,500 सीटें उपलब्ध हैं। कई ट्रेनों में 'रिग्रेट' की स्थिति बन चुकी है।

लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन से गुजरने वाली अधिकतर ट्रेनों में लंबी वेटिंग लिस्ट है। स्टेशन के पूछताछ काउंटर के बाहर यात्रियों की लंबी कतारें लगी रहीं। कई यात्री घंटों तक इस उम्मीद में इंतजार करते रहे कि किसी ट्रेन में सीट खाली हो जाए तो वे घर पहुंच सकें। गौरव ने बताया कि तीन दिनों से टिकट के लिए आ रहे हैं, हर बार वेटिंग और बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि स्टेशन पर बैठे हैं, उम्मीद है कि किसी ट्रेन में एडजस्ट हो जाएं।

बिहार जा रहे मुकेश ने बताया कि उनका टिकट वेटिंग में है। इससे जनरल या स्लीपर कोच में खड़े होकर सफर करना पड़ेगा। ट्रेनों में भीड़ इतनी ज्यादा है कि यात्री गेट और बाथरूम के पास खड़े होकर सफर कर रहे हैं। परिवार के साथ यात्रा करने वालों के लिए परेशानी और बढ़ गई है। भीड़ को देखते हुए पूर्वोत्तर रेलवे और उत्तर रेलवे ने कुछ ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाने के साथ ही होली स्पेशल ट्रेनों का संचालन शुरू किया है। सुल्तानपुर से लोकमान्य तिलक टर्मिनस (एलटीटी) के बीच विशेष ट्रेन चलाई जा रही है, ताकि यात्रियों को कुछ राहत मिल सके। वहीं स्टेशनों पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए जीआरपी और आरपीएफ के जवानों को भी कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है।





चारबाग रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में चढ़ने के लिए धक्कामुक्की करते यात्री और आलमबाग स्टैंड पर बस पर बैठने के लिए सामान लेकर जातीं युवतियां। अमृत विचार

### कई रूटों पर रोडवेज ने चलाई अतिरिक्त बसें

ट्रेनों में सीट न मिलने पर यात्री बसों का सहारा ले रहे हैं। दिल्ली, गोरखपुर, आगरा, बस्ती, मुरादाबाद और जालौन जाने वाले यात्रियों की संख्या बस अड्डों पर बढ़ी है। गुरुवार शाम वापसी के लिए आलमबाग, कैसरबाग और अवध बस अड्डों पर यात्रियों की भारी भीड़ रही। इसे देखते हुए रोडवेज ने प्रयागराज, वाराणसी, गोरखपुर, बरेली और दिल्ली सहित कई रूटों पर अतिरिक्त बसें चलाई हैं।



आलमबाग स्टैंड पर बस के इंतजार में खड़े यात्री। अमृत विचार

### वडोदरा–गोरखपुर साप्ताहिक की अवधि बढ़ी

- 09111/09112 वडोदरा–गोरखपुर–वडोदरा साप्ताहिक होली विशेष ट्रेन के संचालन की अवधि बढ़ा दी है। यह ट्रेन अब वडोदरा से 09, 16 और 23 मार्च 2026 को तथा गोरखपुर से 11, 18 और 25 मार्च 2026 को शेष तीन फेरों के लिए चलाई जाएगी। ये ट्रेन आगरा फोर्ट स्टेशन के स्थान पर ईदगाह (आगरा) स्टेशन पर रुकेगी। 09111 वडोदरा–गोरखपुर होली स्पेशल वडोदरा से शाम 7 बजे चलकर गोधरा, रतलाम, कोटा, सवाई माधोपुर, भरतपुर, ईदगाह (आगरा), टूंडला, शिकोहाबाद, मैनपुरी, फर्रुखाबाद, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, बाराबंकी, गोंडा और बस्ती होते हुए रात 11:30 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। 09112 गोरखपुर–वडोदरा विशेष ट्रेन गोरखपुर से सुबह 5 बजे चलकर लगभग अगले दिन सुबह 8:35 बजे वडोदरा पहुंचेगी।

### एमजीआर सेंट्रल लखनऊ एक्सप्रेस में अतिरिक्त कोच

- ट्रेनों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए ट्रेन संख्या 16094/16093 पुरट्चि तलैवर डॉ. एमजी रामचन्द्रन सेंट्रल–लखनऊ जंक्शन–पुरट्चि तलैवर डॉ. एमजी रामचन्द्रन सेंट्रल एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त वातानुकूलित तृतीय श्रेणी (एसी-3) कोच लगाया जा रहा है। 7 अप्रैल तक पुरट्चि तलैवर डॉ. एम. जी. रामचन्द्रन सेंट्रल से चलने वाली 16094 एमजीआर सेंट्रल–लखनऊ जंक्शन एक्सप्रेस में यह अतिरिक्त कोच लगाया जाएगा। 9 अप्रैल 2026 तक लखनऊ जंक्शन से चलने वाली 16093 लखनऊ जंक्शन–एमजीआर सेंट्रल एक्सप्रेस में भी यह सुविधा लागू रहेगी। अतिरिक्त कोच जुड़ने के बाद इस ट्रेन में कुल 18 कोच होंगे। इससे यात्रियों को आरक्षण में बेहतर सुविधा मिलने की उम्मीद है।

# केजीएमयू में मजार के चारों ओर बैरिकेडिंग लगाकर किया कब्जा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- केजीएमयू प्रशासन ने पुलिस अधिकारियों को लिखा पत्र

**अमृत विचारः** केजीएमयू नेत्र रोग विभाग के पीछे स्थित मजार के चारों तरफ दोबारा बैरिकेडिंग लगाकर अवैध कब्जा कर लिया गया है। होली में छुट्टी के दौरान अज्ञात लोगों ने बैरिकेडिंग लगा दिया है। गुरुवार को जब केजीएमयू खुला। तो मजार के चारों तरफ अवैध बैरिकेडिंग देखी। केजीएमयू प्रशासन सकते में आ गया। आनन-फानन केजीएमयू प्रशासन ने चौक पुलिस को पत्र लिखकर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

केजीएमयू के गेट नंबर-एक के पास नेत्र विभाग है। विभाग के पीछे मजार है। इस मजार के चारों तरफ अवैध कब्जा था। दर्जनों की संख्या में अवैध दुकानें संचालित हो रही थी। कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस प्रशासन ने मजार को छोड़कर बाकी स्थान से अतिक्रमण हटाया था। पांच मार्च को कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने मजार के चारों ओर फिर से बांस और बल्लियां लगा दी। अवैध रूप से बैरिकेडिंग कर दी गई। प्रशासन का कहना है कि इस तरह की कार्रवाई न्यायालय के आदेश की मंशा के विपरीत है। इससे दोबारा अतिक्रमण की स्थिति बन रही है। माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

अवैध बैरिकेडिंग की खबर मिलते ही आनन-फानन केजीएमयू प्रशासन मौके पर पहुंचे। मौके की वीडियोग्राफी व फोटोग्राफी कराई। इस दौरान वहां कोई भी नजर नहीं आया। फिर कार्यवाहक प्रॉक्टर डॉ. रीमा कुमारी ने चौक थाना प्रभारी को पत्र भेजकर पूरी स्थिति अवगत कराया। अवैध बैरिकेडिंग हटाने को कहा है। साथ ही पत्र की प्रतिलिपि कुलसचिव, जनरल सर्जरी विभाग के नोडल अधिकारी, पुलिस महानिदेशक, पुलिस आयुक्त व अन्य अधिकारियों को भी भेजी। अधिकारियों का कहना है कि अवैध बैरिकेडिंग के कारण मजार के आस-पास अव्यवस्था की स्थिति पैदा हो रही है।

### हाईटेक बनेगा लोक बंधु अस्पताल का नेत्र विभाग

- **अमृत विचार, लखनऊ :** आशियाना क्षेत्र स्थित लोक बंधु राज नारायण संयुक्त चिकित्सालय, का नेत्र विभाग अब अत्याधुनिक तकनीक से लैस होगा। इसके लिए इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) द्वारा कार्पोरेट सोशल रिस्पांसबिलिटी (सीएसआर) योजना के तहत करीब 65 लाख रुपये की लागत से नए अत्याधुनिक नेत्र चिकित्सा उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं। सीएसआर फंड से अस्पताल को फेको मशीन, फंडस कैमरा, एनडी–यैग लेजर, इंडायरेक्ट ऑप्थाल्मोस्कोप और एलसीडी डिजिटल विजुअल एक्यूटी चार्ट जैसे अत्याधुनिक उपकरण प्राप्त हुए हैं। इनसे मोतियाबिंद ही नहीं, अन्य गंभीर नेत्र रोगों की जांच व इलाज और अधिक सटीक और प्रभावी तरीके से किया जा सकेगा। वर्तमान में अस्पताल में फेको विधि से मोतियाबिंद ऑपरेशन निःशुल्क किया जा रहा है। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय शंकर त्रिपाठी ने बताया कि अब लोक बंधु अस्पताल की ओटी, अन्य सरकारी अस्पतालों में सबसे हाईटेक होगी। जिसके बाद उन मरीजों की आंखों का इलाज अस्पताल में निःशुल्क हो सकेगा, जिन्हें मेडिकल कॉलेज व उच्च चिकित्सा संस्थानों में रेफर करना पड़ता है।

नगर निगम

मानीटरिंग के लिए लगाए गए अधिकारियों ने बरती लापरवाही, घरों से नहीं उठा कूड़ा

# होली पर गायब रहे सफाईकर्मी, जगह-जगह लगे कूड़े के ढेर

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** होली पर शहर को चकाचक सफाई करने की नगर निगम की योजना को उसके ही अधिकारियों और कर्मचारियों ने कचरा कर दिया। घरों से कूड़ा लेने से लेकर डंपिंग स्थलों से कूड़ा उठाने वाले कर्मचारी गायब रहे। अधिकारियों ने भी मानीटरिंग में लापरवाही बरती। इससे जगह-जगह कूड़े के ढेर लग गए।

नगर निगम मुख्यालय से चंद कदमों की दूरी पर मॉडल हाउस क्षेत्र में पड़ाव घर के बाहर गुरुवार को सड़क पर कूड़ा फैला रहा। ऐसी ही स्थिति शुभाष मार्ग स्थित पड़ाव घर के बाहर रही। पुराने लखनऊ के संकरे इलाकों में तो स्थिति और खराब रही। वहां सफाईकर्मी मंगलवार से ही गायब हो गए थे। सफाई तो दूर घरों से कूड़ा लेने तक नहीं पहुंचे। कई इलाकों में एक हफ्ते से घरों से कूड़ा नहीं उठा।

हजरतगंज क्षेत्र में गुरुवार से एलएसए के कर्मचारियों ने मुख्य मार्गों की सफाई के साथ कूड़ा उठान शुरू किया है। काफी कम संख्या में कर्मचारी काम पर पहुंचे हैं। सफाई और कूड़ा उठान व्यवस्था पटरी पर आने में अभी एक हफ्ता लग जाएगा।

सीतापुर रोड में गल्ला मंडी के ठीक सामने बने पड़ाव घर में कूड़े का ढेर लग गया। यहां होली के तीन दिन पहले से एलएसए ने कूड़ा नहीं उठाया था, जिससे मंडी के लोग गंदगी के बीच दुकानें लगाने को मजबूर थे। इसकी शिकायत नगर निगम के कंट्रोल रूम में की गई। जिसके बाद कूड़ा उठवाया गया।

यही नहीं कंट्रोल रूम में कूड़े में आग लगाने की शिकायतें भी आयीं। आरोप है कि एलएसए और लॉयन इनवायरो कंपनी के सफाई कर्मचारी ही कूड़े में आग लगा कर निस्तारण कर रहे हैं।





सुभाष मार्ग बिरहाना के पास और महिला कॉलेज के पीछे पाडव घर में सड़क पर जमा कूड़ा। अमृत विचार

### कई इलाकों में बिजली भी रही गुल

- **अमृत विचार, लखनऊ :** होली 24 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति का दावा धरा रह गया। ट्रांसफार्मर में खराबी, तार टूटने और अन्य तकनीकी कारणों से चिनहट, अलीगंज, आशियाना, बंगलाबाजार, यहियागंज, महानगर, सरोजनीनगर, गोमती नगर विस्तार, जानकीपुरम, गुडंबा, मडियांव, डालीगंज और बीकेटी समेत कई इलाकों में घंटों बिजली गुल रही। घंटाघर के आसपास, यहियागंज के खजुहा, शास्त्री नगर और रामनगर में तकनीकी समस्या के साथ ट्रांसफार्मर में फॉल्ट आने के कारण आपूर्ति बाधित रही। अलीगंज के पुरनिया, चंद्रलोक, भिंडिया टोला और बड़ा चांदगंज क्षेत्रों में पेटीफ्यूज और जंपर जलने से 2 घंटे तक आपूर्ति ठप रही। चिनहट के ग्रामीण इलाकों में भी कई घंटे बिजली बाधित रही। यहियागंज के शास्त्रीनगर निवासी नितिन, चिनहट के सुरेन्द्र नगर निवासी रश्मि तिवारी ने बताया कि उपकेंद्र पर फोन करने के बाद भी कोई कर्मचारी नहीं पहुंचा। इससे लोगों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ा। इस संबंध में मुख्य अभियंता वीपी सिंह ने कहा कि एक-दो क्षेत्रों को छोड़कर ज्यादातर स्थानों पर सप्लाई सामान्य रही। जिन इलाकों में आपूर्ति बाधित हुई है, वहां से रिपोर्ट मांगी गई है। जांच के आधार पर जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।


# उतारी होली की खुमारी, कार्यालय नहीं पहुंचे नगर निगम के अधिकारी

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- नगर आयुक्त कार्यालय में भी पसरा रहा सन्नाटा
- जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र, हाउस टैक्स जमा करने आए लोग लौटे

**अमृत विचार :** लगातार चार दिन छुट्टी के बाद भी नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों की होली की खुमारी नहीं उतरी। गुरुवार को भी नगर निगम मुख्यालय में कार्यालय तो खुले रहे लेकिन अधिकारी-कर्मचारी गायब रहे। नगर आयुक्त कार्यालय, अपर नगर आयुक्त कार्यालय से लेकर जोन 1 कार्यालय, कैश काउंटर, प्रचार अनुभाग, संपत्ति अनुभाग में सन्नाटा पसरा रहा।

कोषागार पर भी ताला लटका रहा। केवल चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ही अधिकारियों के कमरे खोल उनका इंतजार करते दिखे। जन्म प्रमाणपत्र बनवाने और हाउस टैक्स जमा करने के लिए कार्यालय पहुंचे लोगों को वापस लौटना पड़ा। उन्हें कोई बताने वाला नहीं था कि कर्मचारी-अधिकारी कब मिलेंगे। दरअसल होली के त्योहार पर 3 मार्च को छुट्टी को लेकर लोगों में असमंजस की स्थिति थी लेकिन प्रदेश सरकार ने उस दिन सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिया था। इसके बाद रविवार से बुधवार तक लगातार कार्यालय बंद थे। गुरुवार से कार्यालय खुलने थे लेकिन कई कर्मचारी-अधिकारी होली मनाने अपने घर गए हैं। इससे अधिकांश कर्मचारी एवं अधिकारी गुरुवार को कार्यालय नहीं पहुंचे।



नगर आयुक्त कार्यालय में पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

### आवास विकास मुख्यालय में कम रही उपस्थिति

- आवास विकास मुख्यालय गुरुवार को खुला लेकिन कर्मचारियों की उपस्थिति काफी कम रही। आवास आयुक्त डॉ. बलकार सिंह कार्यालय में मौजूद रहे। कई कर्मचारी व अधिकारी कार्यालय नहीं पहुंचे। यही स्थिति वृंदावन योजना कार्यालय में भी देखने को मिली। वृंदावन योजना सम्पत्ति कार्यालय में तो केवल दो कर्मचारी ही उपस्थित थे। अवध विहार योजना सम्पत्ति कार्यालय में भी कर्मचारियों की उपस्थिति कम रही। निर्माण खंड लखनऊ दो कार्यालय में केवल चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ही कार्यालय खोलने पहुंचा था।

## सिटी ब्रीफ

### पांच करोड़ का लोन दिलाने के नाम पर ठगी

अमृत विचार, लखनऊ: गोमतीनगर के अवध अपार्टमेंट निवासी शैलेंद्र कुमार सिंह को पांच करोड़ का लोन दिलाने के नाम पर जालसाज ने पांच लाख रुपये ठग लिये। अवध अपार्टमेंट गोमतीनगर निवासी शैलेंद्र कुमार सिंह के मुताबिक आलोक दीवान पुराना परिचय था। आलोक ने उनकी कंपनी के नाम पर कम ब्याज दर पर पांच करोड़ रुपये का लोन दिलाने का प्रस्ताव दिया और इसके लिए एक प्रतिशत प्रोसेसिंग फीस मांगी। भरोसे में आकर शैलेंद्र ने कंपनी के खाते से आरोपी के बताए खाते में पांच लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। रकम मिलने के बाद आरोपी ने व्हाट्सएप पर कुछ दस्तावेज भेजे, लेकिन बाद में उसका फोन बंद हो गया। इंस्पेक्टर बृजेश चंद्र तिवारी के मुताबिक मामले में रिपोर्ट दर्ज कर बैंक खाते की डिटेल मांगी गई है। मामले की जांच की जा रही है।

### चोरी की चार बाइक के साथ दो गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ: मड़ियांव पुलिस ने बुधवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानंद के मुताबिक पकड़े गये आरोपियों में विकासनगर सेक्टर-सी का धीरज कन्नौजिया उर्फ धन्नी और स्पोर्ट्स कॉलेज डिपो चौराहा गुडंबा का लुकमान शामिल है। दोनों को मड़ियांव रेलवे लाइन के पास से गिरफ्तार किया गया। मौके से स्कूटी बरामद की गई। पूछताछ के बाद बताया कि स्कूटी इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहे के पास से चोरी की थी। जिसे बेचने जा रहे थे। आरोपियों के निशानदेही पर तीन और बाइकें बरामद की। बुधवार को दोनों को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से जेल भेज दिया गया।

### महिला से सामान आर्डर के नाम पर ठगी

अमृत विचार, लखनऊ: आशियाना निवासी महिला से साइबर जालसाजों ने पतंजलि का सामान आर्डर करने के नाम पर 84,454 रुपये ठग लिये। पीड़िता ने आशियाना थाने व साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत की। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आशियाना के रुचि खंड-द्वितीय शारदा नगर निवासी संचिता मौर्य के मुताबिक 28 फरवरी की सुबह करीब 10:54 बजे उनके पास एक कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को पतंजलि से जुड़ा बताते हुए एक दिन पहले किए गए ऑर्डर की जानकारी देकर उनका भरोसा जीत लिया। इसके बाद व्हाट्सएप के जरिये ट्रांजैक्शन संबंधी विवरण भेजा। आरोपी ने खुद को एमडी रईस बताते हुए यूपीआई के जरिए रकम ट्रांसफर करवाई। पांच अलग-अलग ट्रांजैक्शन में 84,454 रुपये ट्रांसफर कर लिए गए। मामले की जांच की जा रही है।

### महिला से जेवरात ले उड़े टप्पेबाज

अमृत विचार, लखनऊ: हसनगंज के डालीगंज बाजार में सामान खरीदने आई महिला से टप्पेबाजों ने सोने की चेन व झाले उतरवा लिये। हसनगंज के खजूर वाली मस्जिद के पास बरौलिया निवासी राजकिशोर राठौर परिवार संग रहते हैं। राजकिशोर ने बताया कि 28 फरवरी को उनकी पत्नी आशा डालीगंज बाजार खरीदारी करने गई थी। वहां बाजार में उन्हें एक महिला और दो पुरुष मिल गए। आरोप है कि उन लोगों ने आशा को अपनी बातों में फंसा लिया। टप्पेबाज महिला ने आशा को अपने जेवर उतारने को कहे। इस दौरान आशा ने अपने कान के झाले और गले की चेन उतार कर टप्पेबाज महिला को सौंप दिया। टप्पेबाजों ने महिला को एक थैला दे दिया। जिसमे टप्पेबाजों ने एक कागज की गड्डी और संतरे रखकर आशा को दे दिए। टप्पेबाजों ने आशा को घर जाकर थैला खोलने की बात कही। जब पीड़िता अपने घर पहुंची तो उसने थैला खोला तो उसमें जेवर नहीं थे।

### कबाड़ की दुकान में लगी आग

अमृत विचार, लखनऊ: ठाकुरगंज के छोटा इमामबाड़ा के पास मंगलवार सुबह एक कबाड़ की दुकान में आग लग गई। पुलिस के मुताबिक बालागंज निवासी जावेद की ठाकुरगंज क्षेत्र में कबाड़ की दुकान है। पीड़ित ने बताया वह सोमवार की रात करीब नौ बजे दुकान बंद कर घर चले गए थे। रात करीब तीन बजे जावेद को पड़ोसियों ने दुकान में आग लगने की सूचना दी। साथ ही लोगों ने आग की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम पर भी दी। आग की सूचना पर ठाकुरगंज पुलिस और फायर स्टेशन की एक गाड़ी मौके पर पहुंची। अग्निशमन कर्मियों ने करीब आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग आसपास के घरों पर नहीं पहुंची। कबाड़ की दुकान का सारा सामान जल गया। शुरूआती जांच में आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है।

# हैप्पी होली बोलने से नाराज जीएसटी क्लर्क ने युवक को चाकू से गोद डाला

## पोस्टमार्टम के बाद शव रखकर प्रदर्शन, कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


थाने का घेराव किए आक्रोशित परिजनों व ग्रामीणों को समझाते पुलिसकर्मी (इनसेट में) मृतक सूरज गौतम। अमृत विचार

- आक्रोशित परिजन व ग्रामीणों ने थाने का किया घेराव, हंगामा
- आरोपी क्लर्क, उसकी मां व बहन गिरफ्तार
- दुबग्गा थाने में पिता ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार:** दुबग्गा के बेगरिया गांव में होली मिलन के दौरान हैप्पी होली बोलने को लेकर हुए विवाद ने खूनी रूप ले लिया। जीएसटी क्लर्क ने बहन और मां के साथ मिलकर पेंटर सूरज गौतम (22) पर चाकू से ताबड़तोड़ वारकर हत्या कर दी। घटना से आक्रोशित परिजन और ग्रामीणों ने दुबग्गा थाने का करीब तीन घंटे तक घेराव कर जमकर हंगामा किया। पुलिस ने पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचा तो लोगों का गुस्सा फिर भड़क उठा। लोगों ने शव घर के पास रखकर दोबारा प्रदर्शन शुरू कर दिया। पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद लोगों को शांत कराया।

बेगरिया गांव निवासी सूरज गौतम पेंटर था। बुधवार शाम करीब साढ़े पांच बजे सामने रहने वाला मोहित अपने घर के बाहर टहल रहा था। इसी दौरान वहां से गुजर रहे गांव के जिशु ने उसे हैप्पी होली कह दिया। इस बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। शोर सुनकर सूरज के पिता राजेंद्र गौतम बीच-बचाव करने पहुंच गए। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। इसी दौरान पिता को बचाने के लिए सूरज भी वहां पहुंच गया। आरोप है कि विवाद के बीच मोहित की बहन शिवानी भी घर से चाकू लेकर बाहर आ गई।

मारपीट के दौरान मोहित उसकी बहन शिवानी और मां रंजना ने मिलकर सूरज के पेट में ताबड़तोड़ चाकू से वार कर दिया। गंभीर रूप से घायल सूरज लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने घायल सूरज को ट्रामा सेंटर पहुंचाया। वारदात के बाद आरोपी घर के अंदर घुस गए थे। आरोपी मौके से भागने की फिराक में थे।

### शव घर पहुंचा तो फिर शुरू हुआ प्रदर्शन

पोस्टमार्टम के बाद सूरज का शव घर पहुंचा तो लोगों का गुस्सा और भड़क गया। ग्रामीणों ने शव घर के पास रखकर फिर से प्रदर्शन शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने आरोपियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की। कई थानों की पुलिस ने मौके पर पहुंच कर ग्रामीणों को समझाना शुरू किया। ग्रामीणों ने बताया कि सूरज गौतम पर परिवार की जिम्मेदारी थी। उसकी मौत के बाद परिवार में उसके पिता राजेंद्र, छोटा भाई शिवा हैं। मां जयदेवी का पहले ही निधन हो चुका है। सूरज की मौत से छोटा भाई शिवा कई बार बेहोश होकर थाने पर ही गिर गया था।

पर, ग्रामीणों ने उन्हें घेर लिया। इसी बीच पुलिस मौके पर पहुंच गई। ग्रामीणों को उग्र होता देख पुलिस ने आरोपियों को काफी मशक्कत के बाद वहां से निकालकर थाने लेकर पहुंची।

इसी बीच सूरज की मौत की सूचना मिलने पर पीड़ित परिवारवाले और ग्रामीणों ने दुबग्गा थाने का घेराव कर लिया। ग्रामीणों ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों ने तीन घंटे तक थाने का घेराव कर प्रदर्शन किया। पुलिस ने आरोपी मोहित, शिवानी व रंजना को गिरफ्तार कर लिया। ग्रामीणों का गुस्सा देखते हुए कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने स्थिति पर काबू पाया।

# होली के दिन रंजिश में युवक को मारी गोली

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


आरोपी सुमित

- घायल को अस्पताल से मिली छुट्टी, आरोपी गिरफ्तार, तमंचा बरामद
- पीजीआई के राजीवनगर घोसियाना इलाके की घटना

**अमृत विचार:** होली के जश्न में बुधवार दोपहर पीजीआई के राजीवनगर घोसियाना इलाके में पुरानी रंजिश के दौरान हुए विवाद में दबंग ने तमंचा निकालकर मोहल्ले के अंकित वर्मा को गोली मार दी। फायरिंग के दौरान गोली अंकित के पेट को छूते हुए निकल गई। वारदात के बाद आरोपी तमंचा झाड़ियों में फेंककर फरार हो गया। पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

राजीवनगर घोसियाना में बुधवार को होली के जश्न में लोग नाच-गा रहे थे। इसी दौरान पुरानी रंजिश को लेकर वहां मौजूद अंकित वर्मा और सुमित यादव के बीच कहासुनी हो गई। बहस के दौरान दोनों के बीच विवाद बढ़ गया। आरोप है कि सुमित गुस्से में गाली देते हुए वहां से घर पहुंचा। तमंचा लेकर दोबारा आया और गाली देते हुए अंकित पर गोली चला दी। फायरिंग के दौरान गोली अंकित के पेट को छूते हुए निकल गई।

गोली चलने की आवाज सुनकर इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना के बाद आरोपी तमंचा घर के पीछे झाड़ियों में फेंककर फरार हो गया था। स्थानीय लोगों ने डॉयल पर सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को ट्रॉमा सेंटर-2 भेजा, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे घर भेज दिया गया। पुलिस ने मां सुमन वर्मा की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

एडीसीपी साउथ रल्लापल्ली वसंथ कुमार ने बताया कि पुरानी रंजिश में अंकित पर गोली चलाई गई थी। आरोपी सुमित को गिरफ्तार कर तमंचा बरामद कर लिया गया है। घायल की हालत खतरे से बाहर बतायी जा रही हे। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि करीब एक वर्ष पहले चाचा जितेन्द्र यादव के तिलक समारोह में अंकित से कहासुनी हुई थी। उसी रंजिश के चलते उसने फायरिंग की थी।

# गुलाल पड़ने पर दो पक्षों में विवाद, चले डंडे और पत्थर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** होली पर दौलतगंज स्थित प्रभा देवी मंदिर के पास गुलाल पड़ने को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। घटना की सूचना मिलते ही ठाकुरगंज व चौक थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस वायरल वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई की तैयारी कर रही है।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कुछ युवक मंदिर के पास रंग खेल रहे थे। इसी दौरान वहां से गुजर रहे एक व्यक्ति पर गुलाल पड़ गया। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद होने लगा। बात बढ़ने पर कुछ लोग वहां पहुंचकर ईंट-पत्थर चलाने लगे। जिसमें कुछ लोग घायल भी हो गये। घटना का वीडियो वायरल होने पर पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को संभाला। क्षेत्र में एहतियातन अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

पुलिस का कहना है कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो की जांच की जा रही है। फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही अफवाह फैलाने वालों पर भी नजर रखी जा रही है। घटना के बाद इलाके में स्थिति सामान्य बताई जा रही है। अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें और सोशल मीडिया पर भड़काऊ सामग्री साझा न करें।

## होलिका दहन कर जा रहे प्रधान पर धारदार हथियार से हमला

अमृत विचार, लखनऊ: इटौंजा के अर्जुनपुर गांव निवासी सरोज गुप्ता ग्राम प्रधान हैं। सोमवार रात वह गांव में होलिका दहन के बाद घर जा रहे थे। इसी दौरान गांव के ही शैलेंद्र ने रास्ते में उन्हें रोक लिया और धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले से घबराए प्रधान जान बचाकर अपने घर की ओर भागे। आरोप है कि शैलेंद्र उनका पीछा करते हुए घर तक पहुंच गया और वहां उनकी माता, पत्नी और बच्चों को भी भद्दी-भद्दी गालियां दीं। साथ ही यह भी कहा कि वे होलिका दहन में क्यों गए थे। प्रधान सरोज गुप्ता ने घटना की तहरीर इटौंजा थाने में दी है। इंस्पेक्टर इटौंजा मारकंडेय यादव के अनुसार आरोपी युवक को पाबंद कर दिया गया है।

# एलएलबी छात्र को मारी गोली, गंभीर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- इंदिरानगर के सुगामऊ में इलाके में गुरुवार शाम को हुई घटना
- कहासुनी के बाद मारी गोली, मुख्य आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

**अमृत विचार:** इंदिरानगर के सुगामऊ में गुरुवार शाम को कहासुनी के बाद दबंगों ने एलएलबी छात्र विकास चौधरी उर्फ विक्की (25) को गोली मार दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रुप से घायल विक्की को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। वहीं, पुलिस ने मुख्य आरोपी को हिरासत में ले लिया है। उससे पूछताछ कर रही है।

इंस्पेक्टर इंदिरानगर अजय नारायण सिंह के मुताबिक तकरोही के मायावती कॉलोनी स्थित दीनदयालपुरम निवासी विकास चौधरी उर्फ विक्की एलएलबी का छात्र है। पुलिस ने बताया कि गुरुवार को विकास किसी काम से मानस ग्रीन के पास जा रहा था। विकास को कुछ युवकों ने रास्ते में रोक लिया। इसके बाद दोनों के बीच कहासुनी होने लगी और फिर मारपीट करने लगे।

इसी दौरान रेहान नाम के युवक ने तमंचे से फायर कर दिया। गोली विकास के पैर में लगी। विकास जमीन पर गिरकर तड़पने लगा। आरोपी मौके से भाग गए। सूचना पर पहुंची इंदिरानगर पुलिस ने घायल छात्र को राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने छात्र की हालत गंभीर बताई। पुलिस ने घायल विकास से पूछताछ की। उसने बताया कि उसका पहले से फैज अली नामक युवक से विवाद चल रहा आ रहा था। पुलिस ने मुख्य आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। अन्य आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है।

# होली के हुड़दंग में 800 लोग हुए घायल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


हजरतगंज में दो वाहनों के बीच हुई टक्कर जिसमें दो पहिया चालक घायल हो गया और उसकी गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई। अमृत विचार

- जिंदगी और मौत से लड़ रहे आधा दर्जन से अधिक लोग
- 300 ने कराया सरकारी अस्पताल में इलाज
- सर्वाधिक हादसे नशे में गाड़ी चलाने वाले लोगों से
- राजधानी के अस्पतालों में पहुंचे बड़ी संख्या में घायल

**अमृत विचार:** होली के हुड़दंग और नशे में गाड़ी चलाने की वजह से बड़ी संख्या में लोग गंभीर रूप से चोटिल हुए हैं। किसी के सिर में चोट लगी तो किसी के पेट और चेहरे पर जख्म हुए। कई लोगों के हाथ और पैर में फ्रैक्चर हो गए। गंभीरावस्था में आधा दर्जन से अधिक लोग आईसीयू वेंटिलेटर पर जिंदगी के लिए मौत से लड़ रहे हैं। रंग और उमंग का पर्व इस बार कई लोगों के लिए दर्द और अस्पताल की दौड़ में बदल गया। होली के हुड़दंग में 800 से अधिक लोग घायल हुए। जिसमें 300 से अधिक घायलों को सरकारी अस्पतालों में इलाज मुहैया कराया गया। वहीं लगभग 100 घायलों ने निजी अस्पतालों में इलाज हासिल किया।

मंगलवार देर रात से ही अस्पतालों घायलों के आने का सिलसिला शुरू हुआ। होली की सुबह से ही केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर, बलरामपुर, सिविल, लोहिया, राम सागर मिश्र, लोकबंधु और निजी अस्पतालों की इमरजेंसी में घायलों की लंबी कतार लग गई। किसी के सिर में गंभीर चोट लगी तो किसी के हाथ-पैर में फ्रैक्चर हो गया। कई लोगों के चेहरे और शरीर पर गहरी चोटें आई हैं। डॉक्टरों का कहना है कि अधिकांश घायल ऐसे लोग हैं जो नशे में वाहन चला रहे थे।

ट्रॉमा सेंटर के सीएमएस डॉ. प्रेमराज सिंह ने बताया कि होली में दोपहर तक इमरजेंसी वार्ड पूरी तरह भर गया था। करीब 248 मरीज ट्रॉमा सेंटर पहुंचे। सड़क हादसे में घायल होकर 72 लोग पहुंचे। इनमें से कई लोगों के सिर में गंभीर चोटें थीं। जबकि 10 से ज्यादा मरीजों के हाथ और पैर में फ्रैक्चर हैं। कुछ मरीजों को गंभीर हालत में भर्ती करना पड़ा। सात मरीज प्वाइजनिंग के शिकार होकर पहुंचे। दो अज्ञात मरीज रहे।

बलरामपुर अस्पताल के सीएमएस डॉ. हिमांशु चतुर्वेदी ने बताया कि 365 मरीज इमरजेंसी ओपीडी में पहुंचे। जिसमें से 51 मरीजों को भर्ती करने की जरूरत पड़ी। बाकी को प्राथमिक इलाज मुहैया कराने के बाद घर भेज दिया गया। 21 घायलों को टांके लगाने की जरूरत पड़ी।

उन्होंने बताया कि होली में 73 लोग रैबीज का इंजेक्शन लगवाने पहुंचे। जिसमें से 70 प्रतिशत पुराने व 30 प्रतिशत नए मरीज शामिल हैं।

लोकबंधु राजनारायण अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय शंकर त्रिपाठी ने बताया कि इमरजेंसी में 24 घंटे में 487 मरीज आए। जिसमें 60 लोग होली में सड़क हादसे में घायल होकर पहुंचे। 37 मरीजों को भर्ती कर इलाज मुहैया कराया गया। बाकी मरीजों को प्राथमिक इलाज के बाद घर भेज दिया गया। सिविल अस्पताल में 70 मरीज आए। जिसमें 17 मरीजों को भर्ती कर इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है।

लोहिया संस्थान की इमरजेंसी ओपीडी में 246 मरीज पहुंचे। सर्जरी विभाग में 75 मरीजों को इलाज उपलब्ध कराया गया। दो गंभीर मरीजों को आईसीयू में भर्ती किया गया। तीन मरीजों को भर्ती किया गया। बाकी मरीजों को प्राथमिक इलाज के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया। हड्डी रोग विभाग में 27 घायल पहुंचे। जबकि इमरजेंसी मेडिसिन विभाग में 144 मरीज पहुंचे। दो गंभीर मरीज गंभीर हाल में भर्ती हैं। कुल 30 मरीज भर्ती किए गए हैं। पीजीआई के एपेक्स ट्रॉमा सेंटर में 74 घायल पहुंचे। जिसमें 20 से ज्यादा मरीजों को भर्ती करने की जरूरत पड़ी। बाकी मरीजों को इलाज के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया। रानी लक्ष्मीबाई, ठाकुरगंज संयुक्त चिकित्सालय, महानगर भाऊराव देवरस और बीकेटी साढ़ामऊ स्थित राम सागर मिश्र हॉस्पिटल में 75 से ज्यादा मरीजों को भर्ती कर इलाज उपलब्ध कराया गया। वहीं 100 से ज्यादा मरीज शहर के निजी अस्पतालों में भर्ती किए गए।

# रेलवे इंजीनियर ने ट्रेन से कटकर की खुदकुशी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- परिजन ने किसी प्रकार का आरोप नहीं लगाया
- मानकनगर स्थित आरडीएसओ पुल के नीचे की घटना

**अमृत विचार:** मानकनगर में मंगलवार को रेलवे में तैनात एक इंजीनियर ने ट्रेन के आगे लेट कर आत्महत्या कर ली। छानबीन में पता चला कि इंजीनियर काफी लंबे समय से बीमारी से परेशान था। जिसके चलते उन्होंने आत्महत्या की है।

आरडीएसओ कॉलोनी निवासी मनीष कुमार सिंह (35) सेक्शन इंजीनियर के पद पर तैनात थे। परिवार में पत्नी निधि और एक बेटा हैं। एसओ मानकनगर अजीत कुमार ने बताया कि मंगलवार सुबह मनीष घर से पैदल किसी काम से जाने की बात कहकर निकले थे। करीब एक किलोमीटर दूर आरडीएसओ पुल के नीचे रेलवे ट्रैक पर वह ट्रेन के सामने लेट गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त के लिए तलाशी ली। पुलिस को इंजीनियर के पास से मिले मोबाइल फोन से परिजन को घटना की जानकारी दी। परिजन आनन-फानन में घटनास्थल पर पहुंचे और मनीष की शिनाख्त की। परिजनों ने पुलिस को बताया कि मनीष की मानसिक हालत ठीक नहीं चल रही थी। इसके चलते वह काफी परेशान थे। फिलहाल परिजन ने किसी प्रकार का आरोप नहीं लगाया गया है।

## शराब पिलाने के विरोध पर युवक पर हसिया से हमला, कटा हाथ

अमृत विचार, लखनऊ: सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में शराब पिलाने का विरोध करना एक युवक को भारी पड़ गया। शाहखेड़ा गांव निवासी सूरज यादव ने बताया कि वह अपने भाई मनीष यादव के साथ घर के बाहर बैठा था। इसी दौरान गांव के विनोद यादव अपने भाई नन्हा यादव और एक अज्ञात के साथ वहां पहुंचा। आरोप है कि तीनों ने गाली-गलौज करते हुए मनीष को जबरन शराब पिलाने की कोशिश की। विरोध करने पर आरोपियों ने हसिया और गड़ासा से हमला कर दिया। हमले में मनीष यादव का हाथ कट गया, जबकि बीच-बचाव करने पहुंचे सूरज यादव को भी चोटें आईं। आरोपी घर में घुसकर तोड़फोड़ करने के बाद धमकाते हुए फरार हो गए।

कार्रवाई | जन्मदिन की पार्टी में शामिल होने के बहाने बुलाकर किशोर की कर दी थी हत्या

# पूर्व एमएलसी का आरोपी भतीजा भेजा गया बाल सुधार गृह

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लापरवाही से लाइसेंसी रिवाल्वर रखने वाले पिता पर पुलिस ने नहीं की कार्रवाई
- कृष्णानगर के बरिगवां में सोमवार शाम को हुई थी घटना

अमृत विचार Follow UP

**अमृत विचार:** कृष्णानगर के बरिगवां में जन्मदिन पार्टी में शामिल होने के लिए बुलाकर उनैज खान (12) की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने इस मामले में बाल अपचारी व पूर्व एमएलसी अरविंद त्रिपाठी उर्फ गुड्डू त्रिपाठी के भतीजे को पकड़कर बाल सुधार गृह भेज दिया है। वहीं, हत्या में प्रयुक्त लाइसेंसी रिवाल्वर को लापरवाही से रखने के मामले में पूर्व एमएलसी के भाई पर पुलिस ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है। परिजन पुलिस पर सवाल खड़े कर रहे हैं।

सरोजनीनगर के बेहसा निवासी जमीर खान की ट्रांसपोर्ट नगर में बिजली उपकरण की दुकान है। बीते सोमवार की दोपहर में उनैज के तीन दोस्त कार से चालक के साथ घर पहुंचे। इनमें से एक पूर्व एमएलसी अरविंद त्रिपाठी उर्फ गुड्डू त्रिपाठी का भतीजा भी था। उसने जन्मदिन की पार्टी का बहाना बनाकर उनैज को साथ चलने के लिए कहा। परिवार ने पहले मना किया, लेकिन कुछ देर में लौटने की बात कहकर उनैज साथ चला गया। शाम करीब छह बजे आरोपी ने उनैज की मां के पास कॉल किया और बताया कि उनका बेटा लोकबंधु अस्पताल में भर्ती है। सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे तो देखा कि उनैज के सिर में गोली लगी थी। डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बेटे की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस उपायुक्त दक्षिणी निपुण अग्रवाल के निर्देश पर दो टीमों का गठन किया गया। फारेंसिक विशेषज्ञों की मदद से घटनास्थल का निरीक्षण कर इलेक्ट्रानिक और अन्य साक्ष्य जुटाए गए। तकनीकी विश्लेषण और पूछताछ के आधार पर पुलिस ने एक बाल अपचारी को संरक्षण में लेकर सक्षम प्राधिकारी के समक्ष पेश किया, जहां से उसे बाल सुधार गृह भेज दिया गया।

### डाक्टरों के पैनल ने किया पोस्टमार्टम सुरक्षा के मद्देनजर गांव में तैनात रही पुलिस

सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) कृष्णानगर रजनीश वर्मा ने बताया कि बीते मंगलवार को तीन डाक्टरों के पैनल ने शव का पोस्टमार्टम किया। इसके बाद शव को पैतृक गांव बेहसा लाया गया। सुरक्षा के मद्देनजर गांव और पोस्टमार्टम हाउस के बाहर भारी पुलिस बल व पीएसी तैनात रही। परिवारीजन ने विरोध किया, लेकिन कार्रवाई के आश्वासन पर सभी मान गए। इसके बाद पुलिस की मौजूदगी में शव को सिपुर्द-ए-खाक किया गया। घटना की जानकारी होने पर स्थानीय सांसद आरके चौधरी व कांग्रेस जिलाध्यक्ष रुद्र दमन सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि गांव पहुंचे। परिजन को ढाढस बंधाया।

# दो पक्षों के बीच चले लाठी-डंडे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पारा के बादलखेड़ा रोड स्थित शराब ठेके पर हुई घटना

**अमृत विचार:** पारा के बादल खेड़ा रोड स्थित एक देसी शराब ठेके के बाहर मंगलवार देर रात दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। दोनों पक्षों में लाठी-डंडे और पत्थर चलने लगे। घटना के समय इलाके में अफरा-तफरी मच गई। बवाल की सूचना पर पुलिस पहुंची। पुलिस के आने से पहले ही आरोपी मौके से भाग निकले। पुलिस के मुताबिक तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस ठेके पर शराबियों के बीच आए दिन कहासुनी और मारपीट की घटनाएं होती रहती हैं। उनका कहना है कि दबंग किस्म के लोगों की मौजूदगी से आसपास के दुकानदारों और निवासियों को परेशानी होती है। लोगों ने बताया कि कई बार शिकायत की। इसके बाद भी पुलिस कोई कार्रवाई नहीं करती है। मंगलवार देर रात शराब ठेके पर दो पक्षों के बीच मारपीट के दौरान पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। इस दौरान कुछ लोगों को मामूली चोटें आई। पारा इंस्पेक्टर सुरेश सिंह ने बताया कि स्थिति नियंत्रण में है। मौके पर पुलिस तैनात किया गया है। इंस्पेक्टर ने बताया कि बवाल में किसी पक्ष से तहरीर नहीं मिली है अगर कोई तहरीर मिलती है तो कार्रवाई की जाएगी।

सिटी ब्रीफ

## 24 मार्च को लगेगी डाक अदालत

**अमृत विचार, लखनऊ:** उपभोक्ताओं की डाक और पेंशन से जुड़ी शिकायतों के निपटारे के लिए 24 मार्च को सुबह 11 बजे डाक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह अदालत न्यू हैदराबाद स्थित प्रवर अधीक्षक डाकघर कार्यालय में आयोजित होगी। डाक विभाग के अनुसार लखनऊ मंडल के अंतर्गत आने वाले उपभोक्ता अपनी लंबित डाक व पेंशन संबंधी शिकायतों को इस अदालत में प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके लिए शिकायतें लिखित रूप में 19 मार्च तक जमा करानी होंगी। उपभोक्ताओं को अपनी शिकायत भेजते समय लिफाफे के ऊपर स्पष्ट रूप से डाक अदालत लिखना अनिवार्य होगा।

## पूर्णिमा पर की गई गोमती की महाआरती

**अमृत विचार, लखनऊ:** सनातन महासभा की ओर से फाल्गुन पूर्णिमा के अवसर पर झूलेलाल वाटिका में 149वीं आदि गंगा गोमती की महाआरती एवं सनातन समागम का आयोजन किया गया। स्वामी आनंद नारायण के मार्गदर्शन में सात मंचों से शंखनाद और मंत्रोच्चार के बीच गोमती की आरती उतारी गई। जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस मौके पर महासभा के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण ने युवाओं को नशा मुक्त होली मनाने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि बुराइयों और नशे का त्याग कर समाज को आगे बढ़ाना ही होली का असली उद्देश्य है। भक्तों ने इस अवसर पर पारंपरिक उल्लास के साथ एक-दूसरे पर पुष्प वर्षा कर फूलों की होली खेली और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। महाआरती के बाद 251 दीपों से गोमती तट जगमगा उठा, जिससे वहां दीपावली जैसा दृश्य जीवंत हो गया। इस मौके पर बच्चों और महिलाओं के लिए रामायण, गीता और शरीर विज्ञान पर आधारित प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

## टिकट जांच में वसूले 3.90 करोड़ रुपये

**अमृत विचार, लखनऊ:** उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल ने टिकट जांच अभियान के तहत बेहतर प्रदर्शन करते हुए राजस्व वसूली का रिकॉर्ड बनाया है। फरवरी 2026 के दौरान बड़ी संख्या में बिना टिकट या अनियमित यात्रा करने वाले यात्रियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। सीनियर डीसीएम कुलदीप तिवारी ने बताया कि फरवरी माह में कुल 57,771 पेनाल्टी केस दर्ज किए गए। इस अभियान के तहत लखनऊ मंडल ने 3,90,68,549 रुपये का जुर्माना वसूला, जो निर्धारित लक्ष्य से 10 .85 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने बताया कि टिकट जांच अभियान लगातार चलाया जा रहा है, ताकि रेलवे को होने वाले राजस्व नुकसान को रोका जा सके और यात्रियों को नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया जा सके। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा और दंडात्मक कार्रवाई से बचने के लिए हमेशा वैध टिकट लेकर ही सफर करें।

## इंजीनियर्स फेडरेशन की बैठक कल

**अमृत विचार, लखनऊ:** ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन की राष्ट्रीय कार्य समिति की बैठक 8 मार्च को देहरादून में होगी। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के संयोजक और फेडरेशन के चेयरमैन शैलेन्द्र दुबे ने बताया कि बैठक में बिजली के निजीकरण की प्रक्रिया और आंदोलनरत बिजली कर्मचारियों और इंजीनियरों के विरुद्ध की जा रही उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियों पर चर्चा की जाएगी। आगे की रणनीति को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए जाएंगे। दुबे ने बताया कि प्रदेश में पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के विरोध में पिछले 463 दिनों से चल रहे आंदोलन के समर्थन में ऑल इंडिया पावर इंजियर्स फेडरेशन के आह्वान पर देश के विभिन्न राज्यों में कई बार व्यापक विरोध प्रदर्शन आयोजित किए जा चुके हैं।

## खामनेई के गम में सादगी से मनाएं ईद

**अमृत विचार, लखनऊ:** शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास नकवी ने कहा है कि ईद-उल-फ़ित्र के दिन अपने बाजू पर काली पट्टी बांधकर नमाज पढ़ें और आयतुल्लाह अली खामनेई की शहादत पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन करें। उन्होंने कहा कि ईद-उल-फितर के दिन अपने बाजुओं पर काली पट्टी बांधकर ईद की नमाज़ अदा करें, ताकि एकजुटता और शोक का संदेश दिया जा सके और शांतिपूर्वक विरोध हो। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि भारत की कुछ राजनीतिक पार्टियों ने खुले तौर पर ईरान पर हुए हमले की निंदा की और आयतुल्लाह खामेनई का नाम लेकर ताज़ियत पेश की। वहीं कुछ अन्य दलों ने इस मुद्दे पर स्पष्ट प्रतिक्रिया नहीं दी।




चौक में निकाले गए होरियारों के जुलूस में एक दूसरे पर पिचकारी से रंग डालते पूर्व उप मुख्यमंत्री व सांसद डॉ. दिनेश शर्मा और उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, हाथ में गदा लिए पार्षद अनुराग मिश्रा और जुलूस में शामिल झांकी। अमृत विचार

# बोरा ने बजाया ढोल, पाठक और शर्मा ने खेला रंग

### चौक में घोड़ों, ऊंटों, बग्घी, रथ, खच्चर पर निकला होरियारों का जुलूस, टोलियों ने गाया फाग, जगह-जगह किया गया स्वागत


कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** चौक के जुलूस में होरियारों की टोलियां जुलूस घोड़ों, ऊंटों, बग्घी, रथ, खच्चर पर सवार होकर निकलीं। फाग के राग के बीच गुलाल और फूलों की जमकर बारिश हुई। पूर्व उप मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद डॉ.निदेश शर्मा ने उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक पर पिचकारी तानी तो पाठक ने डॉ. शर्मा को रंग से सरोबोर कर दिया। विधायक डॉ. नीरज बोरा ने ढोल बजाकर तान छेड़ी तो पाठक ने गुलाल का सिलेंडर खोल कर वातावरण को गुलाबी कर दिया।

चौक स्थित कोनेश्वर मंदिर से निकला जुलूस पं. अमृत लाल नागर चौराहा चौक, कमला नेहरू मार्ग, मेडिकल क्रासिंग, विक्टोरिया स्ट्रीट, मेफेयर तिराहा, अकबरी गेट, तहसीन मस्जिद, गोटा बाजार, चौक सराफा होता हुआ पं. अमृत लाल नागर चौक पर पहुंचा। वहां टेसू के फूलों का रंग, गुलाल उड़ाया जाने लगा। डॉ. दिनेश शर्मा, ब्रजेश पाठक, क्षेत्रीय विधायक डॉ. नीरज बोरा ने पद्म विभूषण पं. अमृत लाल नागर चौक पहुंचे। इन नेताओं ने नागर व लालजी टण्डन के चित्र पर पुष्प चढ़ा फिर होली जुलूस में शामिल होकर होली खेलने लगे। गायकों की टोलियां का जगह जगह स्वागत किया गया।

चौक सब्जी मंडी में जहां मोहम्मद उस्मान व मोहम्मद सलमान ने फूलों से स्वागत किया वहीं विक्टोरिया स्ट्रीट पर अमील शम्सी, अकील शम्सी, अकील अब्बास ने जुलूस का स्वागत बजाजा व्यापार मण्डल की ओर से किया। अकबरी गेट पर उमर ने सभी को माला पहनाई, सरांय तहसील पर इजहार अहमद इत्र वालों की ओर से मोहम्मद इमरान ने स्वागत किया। अकंबरी गेट व्यापार मण्डल के अध्यक्ष रियाज अहमद व महामंत्री जावेद ने सभी होरियारों को गले लगाकर जुलूस का इस्तकबाल किया।






चौक में निकाले गए होरियारों के जुलूस में फाग की टोली के साथ ढोलक बजाते विधायक डॉ. नीरज बोरा और थिरकतीं जुलूस में शामिल युवतियां। अमृत विचार

### आकर्षक वेशभूषा के लिए होरियारे उत्तम और आनन्द को दिया गया 11-11 हजार रुपये पुरस्कार

- जुलूस की व्यवस्था करने वाले पार्षद अनुराग मिश्रा, ओम प्रकाश दीक्षित, उपाध्यक्ष डॉ. राज कुमार वर्मा, अध्यक्ष गोविन्द शर्मा, अमित टण्डन, राज बाबू रस्तोगी, अतुल गुप्ता, सुमित कपूर, पंकज अग्रवाल, आनन्द मिश्रा, उत्कर्ष अग्रवाल, आनंद रस्तोगी, उत्तम कपूर, दीपक माहेश्वरी, राधे तिवारी, सुनील शुक्ला, मनोज अग्रवाल, डॉ. पंकज त्रिपाठी, डॉ. उमंग खन्ना, अनिल गुप्ता, अवधेश शुक्ला, अनूप मिश्रा, संजय त्रिवेदी, संजीव झिंगरन, डीपी सिंह, अनुराग दीक्षित, संकेत मिश्रा, पुत्तन तिवारी, आशीष मिश्रा, रिषभ बाजपेई, राकेश बाजपेई, पीयूष माईती, अनुज मिश्रा, अमन तिवारी, हिमांशु गर्ग, शिवम् गुप्ता, जीतू मिश्रा, शुभ कपूर आदि ने पुरस्कार दिए। आकर्षक वेशभूषा के लिए होरियारे उत्तम कपूर व आनन्द रस्तोगी को 11-11 हजार रुपये पुरस्कार दिया गया।



हजरतगंज से पुलिस लाइन तक निकाली गई लखनऊ पुलिस की शोभायात्रा में बग्घी पर सवार पुलिस कमिश्नर अमरेंद्र सेंगर व अन्य।

### होली संगीत बैठकी में गाया फाग

- फागोत्सव श्रृंखला के अंतर्गत गुरुवार को गोमतीनगर के विराम खंड स्थित लिटिल चैंप्स स्कूल परिसर में लोक संस्कृति शोध संस्थान होली संगीत बैठकी की। इसमें फाग गायन हुआ। कनक वर्मा ने गणेश होरी से शुरुआत की। लोक गायिका अपर्णा सिंह ने मृगनयनी को यार नवल रसिया..., वरिष्ठ लोक गायिका इन्दु सारस्वत ने गिरधारी लाल होरी खैलें कुंजन की गली..., शीला गुप्ता ने मेरी पांचों अंगुरिया बड़े काम की जय बोलो जय बोलो सियाराम की..., शक्ति श्रीवास्तव ने ये दोऊ राजदुलारे होरी खेलत सरयू के तीर..., डॉ. आभा दीक्षित ने सिर बांधे मुकुट खेलें होली..., आशा श्रीवास्तव ने खेलति रघुवीर वीरा..., अरुणा उपाध्याय ने अंखियन पड़त गुलाल आज कान्हा रे... तथा शारदा पाण्डेय ने लाल गुलाबी रंग डारो रे... प्रस्तुत कर वातावरण को फागुनी रंग में रंग दिया। संगीत भवन की ओर से निवेदिता भट्टाचार्य के निर्देशन में सौम्या गोयल, आद्रिका मिश्रा, अव्युक्ता श्रीवास्तवा, आस्था पाण्डेय, भूमि पाण्डेय रहीं।

### शुभ संस्कार समिति ने भी निकाला जुलूस

- शुभ संस्कार समिति की ओर से होली का जुलूस धूमधाम से निकाला गया। लक्ष्मीकांत पांडे के नेतृत्व में चली बारात में मुख्य रूप से राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा मेडिकल कालेज चौराहे पर शामिल हुए। चौपटिया से शुरू हुई बरात भोलानाथ कुआं, अकबरी गेट, विक्टोरिया स्ट्रीट होते हुए मेडिकल कॉलेज चौराहे पहुंची। समिति के महामंत्री रिद्धि किशोर गौड़, उपाध्यक्ष आशीष अग्रवाल सहित बरात में उपस्थित अन्य लोगों का स्वागत पार्षद बाबू फैज और सलमान ने फूलों की होली खेल कर किया। डॉ. शर्मा जुलूस में शामिल होकर चौक तक गए। चौक चौराहे पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने जुलूस में उपस्थित लोगों को शुभकामनाएं दीं। जुलूस हरदोई रोड होते हुए चौपटिया पर समाप्त हुआ। जुलूस में ऊंट, टाँगे, डीजे, ढोल और शहनाई वाले उपस्थित थे। मुख्य रूप से शिवनारायण अग्रवाल, श्यामू मिश्रा, दिलीप मिश्रा, श्यामू यादव, प्रशांत मिश्रा, शाहिद समेत सैकड़ों की संख्या में होली खेलने वाले मौजूद रहे।

### 10 कुंतल गुलाल और 5 कुंतल फूलों से खेली होली

- गोमती तट स्थित खाटू श्याम मंदिर में प्राकृतिक फूलों एवं गुलाल रंगों से श्याम भक्तों ने बाबा के साथ होली खेली। महामंत्री रूपेश अग्रवाल ने बताया कि इस बार होली के अवसर पर 10 कुंतल गुलाल एवं पांच कुंतल फूलों से होली खेली गई वहीं आने वाले भक्तों को ठंडाई एवं गुझिया प्रसाद के रूप में वितरित किया गया। मंदिर समिति के कार्यवाहक अध्यक्ष संजीव अग्रवाल ने बताया कि सुबह से ही भक्तों का दर्शन करने के लिए तांता लगा हुआ था। पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा ने श्याम बाबा के संग होली खेली। कोषाध्यक्ष आशीष अग्रवाल ने बताया कि मंदिर प्रांगण में श्याम बाबा के भजनों पर नाचते गाते श्याम बाबा को रिझाते हुए भक्त थिरक रहे थे। इस बार लगभग 2 लाख भक्तों ने दर्शन कर बाबा के साथ होली खेली।

### बैंक कर्मियों ने भी उड़ाया रंग गुलाल



गुलाल लगाकर शुभकामनाएं देते कर्मचारी।

- होली के अवसर पर विभिन्न संगठनों और कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों ने प्रदेशवासियों को बधाई व शुभकामनाएं दीं। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस की लखनऊ जिला इकाई के मीडिया प्रभारी अनिल तिवारी ने बताया कि होली के अवसर पर बैंक कर्मियों ने उत्साह के साथ रंग-गुलाल खेलकर पर्व मनाया। लखनऊ चैप्टर के सीएमए अध्यक्ष रंजीत सिंह, उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष सतीश कुमार पाण्डेय, रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश के महामंत्री गिरीश चन्द्र मिश्र ने कर्मचारियों व प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं।

### महापौर ने वृद्धजनों को दी शुभकामनाएं

- होली पर गुरुवार को महापौर सुषमा खर्कवाल ने जोन-7 के आदिल नगर स्थित वृद्धाश्रम में वृद्धजनों से भेंट कर उन्हें होली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उनके स्वास्थ्य की जानकारी लेने के साथ आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि समाज में वरिष्ठजनों का स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण है। उनके अनुभव मार्गदर्शन से ही समाज को सही दिशा मिलती है। इस अवसर पर नगर आयुक्त, पार्षद शिवम उपाध्याय, पार्षद प्रतिनिधि दीपक तिवारी सहित क्षेत्रीय नागरिक और नगर निगम के अधिकारी उपस्थित रहे।

चकल्लस

शबीना अदीब ने सरस्वती वन्दना के साथ की हास्य कवि सम्मेलन की शुरुआत

# एक से लड़ाए नैन, दूसरी का लिया चैन, तीसरी वाली को जबाव देकर आ गए हैं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रख्यात साहित्यकार पं. अमृत लाल नागर और लालजी टण्डन द्वारा स्थापित होलिकोत्सव समिति चौक ने गुरुवार को हास्य कवि सम्मेलन चकल्लस का आयोजन किया। इसकी शुरुआत पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सदस्य डॉ. दिनेश शर्मा, क्षेत्रीय विधायक नीरज बोरा और क्षेत्रीय पार्षद अनुराग मिश्रा ने दीप प्रज्ज्वलन कर की।

शबीना अदीब ने सरस्वती वन्दना की प्रस्तुति के साथ कवि सम्मेलन का आरम्भ किया। इसके बाद उन्होंने अपनी मशहूर नज्म जो खानदानी रईस हैं वो मिजाज रखते हैं नर्म अपना, तुम्हारा लहजा बता रहा है तुम्हारी दौलत नई नई है सुनाकर कवि सम्मेलन को बुलंदियों पर पहुंचा दिया।

स्वयं श्रीवास्तव ने सुनाया :- मुझको न रोकिये न नजराने दीजिए, मेरे सफर अलग हैं मुझे जाने दीजिए। ज्यादा से ज्यादा होगा क्या कि हार जायेंगे, किस्मत तो हमें अपनी आजमाने दीजिए।

योगिता चौहान ने कहा :- अपनी धड़कन से ऐसे छुपा लो मुझे, मैं तो एक गीत हूं गुनगुना लो मुझे, तेरे हिचकी में मैं तो चली आयी भी, बन के मोहन कभी भी बुला ले मुझे। विकास बौखल ने सुनाया :- सलीके से बुजुर्गों की निशानी कौन रखता है, परिन्दे के लिये कुण्डों में पानी कौन रखता है। हमी तो थामे हुए गिरती दीवार को, वरना सलीके से बुजुर्गों की निशानी कौन रखता है।प्रख्यात मिश्रा ने 'मस्जिदों से बैर था न बैर था इस्लाम से, किन्तु तुलना न होगी बाबर की राम से। भगवे की भगता न यूं ही सजती चली गई, बाबरी की ईंट-ईंट बजती चली गई।' अमित अनपढ ने 'खुदवारी सड़क यू ही नापने तक नहीं आए, हमारे साथ खुशियां वो वोट बांटने तक न आए, शहर की नालियां नाले उन्हें अब याद करते हैं, विधायक हो गए जब से झांकने तक नहीं आए'।



हास्य कवि सम्मेलन चकल्लास की शुरुआत के मौके पर कवियों के साथ डॉ. दिनेश शर्मा, विधायक नीरज बोरा और अन्य।

अशोक नागर ने कहा :- वाह में है और कोई, चाह में है और कोई, राह वाली को भी मुस्कान देकर आ गए हैं। एक से लड़ाए नैन दूसरी का लिया चैन, तीसरी वाली को जबाव देकर आ गए हैं। कवि सम्मेलन में गौरव चौहान, भगवान मकरन्द, राष्ट्र कवि प्रताप फौजदार, अशोक नागर और सर्वेश अस्थाना की रचनाएं खूब पसंद की गईं।

### लविवि में विदेशी छात्रों ने खेली होली

- **अमृत विचार, लखनऊ:** लविवि में बीरबल साहनी और आचार्य नरेंद्र देव अंतराष्ट्रीय छात्रावासों में होली खेली। कुलपति प्रो. जे. पी. सैनी तथा डी.एस.डब्ल्यू. प्रो. वी. के. शर्मा ने वर्चुअल माध्यम से विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। अफ़ग़ानिस्तान से आए एक छात्र ने कहा कि मैंने किताबों में रंगों के त्योहार के बारे में पढ़ा था, लेकिन आज इसे साक्षात जीना अद्भुत अनुभव रहा। लखनऊ विश्वविद्यालय ने हमें कभी महसूस ही नहीं होने दिया कि हम अपने घर से दूर हैं। यहां का गुलाल और गूंजिया अब मेरी पसंदीदा यादों में से एक है। अफ्रीकी मूल की छात्रा ने कहा कि होली के रंग केवल चेहरों पर नहीं, बल्कि हमारे दिलों पर भी चढ़ गए हैं।

## सिटी ब्रीफ



### एलयू के छात्र ने राष्ट्रीय एकीकरण शिविर में किया प्रतिनिधित्व

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय बीए तृतीय वर्ष के छात्र एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवक अभय प्रताप मिश्रा ने राष्ट्रीय एकीकरण शिविर (एनआईसी) में लखनऊ विश्वविद्यालय से उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। विशेष बात यह रही कि वे इस राष्ट्रीय स्तर के शिविर में लखनऊ विश्वविद्यालय और इससे संबद्ध 150 महाविद्यालयों से चयनित होने वाले एकमात्र छात्र थे। 22 से 28 फरवरी तक आयोजित इस सात दिवसीय शिविर में देश के विभिन्न राज्यों से आए स्वयंसेवकों ने भाग लिया। शिविर के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम, समूह चर्चा, सामाजिक जागरूकता अभियान एवं सामुदायिक सेवा गतिविधियों में अभय ने सक्रिय सहभागिता निभाई। उन्होंने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी एवं विश्वविद्यालय प्रशासन को दिया।

### कच्ची शराब पर आबकारी विभाग का शिकंजा

**अमृत विचार, लखनऊ :** आबकारी विभाग द्वारा लगातार चलाए जा रहे अभियान का असर अब ग्रामीण क्षेत्रों में दिखाई देने लगा है। विभाग की सक्रियता और लगातार की जा रही छापेमारी के कारण कच्ची शराब के निर्माण और बिक्री पर काफी हद तक अंकुश लगा है। जिन क्षेत्रों में पहले बिना रोक-टोक कच्ची शराब बेची जाती थी, वहां अब कार्रवाई के डर से अवैध धंधा करने वालों में खौफ बना हुआ है।

आबकारी निरीक्षक विवेक सिंह ने बताया कि होली के मद्देनजर विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत भज्जीखेड़ा, इंद्रजीतखेड़ा, गोसाईगंज क्षेत्र के जौखण्डी, महूराखुर्द और सूर्यामऊ समेत कई गांवों में लगातार निगरानी की जा रही है। इसके अलावा बंथरा क्षेत्र के ग्राम रतौली और दरियापुर सहित मोहनलालगंज, माल और मलिहाबाद जैसे संवेदनशील इलाकों में भी सख्ती बरती जा रही है। आबकारी निरीक्षक विजय राठी ने बताया कि जिला आबकारी अधिकारी के निर्देशन में सघन अभियान चलाया जा रहा है। सूचना के आधार पर विभाग की टीम लगातार छापेमारी कर अवैध शराब बनाने और बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है, जिससे इन क्षेत्रों में कच्ची शराब की बिक्री पर प्रभावी रोक लगी है।

# नेशनल कराटे चैंपियनशिप में यूपी ने जीते दो रजत व तीन कांस्य पदक

## तालकटोरा स्टेडियम नई दिल्ली में आयोजित प्रतियोगिता में किया शानदार प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश के कराटे खिलाड़ियों ने नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित पांचवीं कियो नेशनल कराटे चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो रजत और तीन कांस्य सहित कुल पांच पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया। 26 फरवरी से एक मार्च तक आयोजित इस चैंपियनशिप में मथुरा के अरुण कुमार ने अंडर-21 बालक कुमिते के 84 किलोग्राम से अधिक भार वर्ग में रजत पदक जीता। वहीं वाराणसी की शशिकला मौर्या ने बालिका अंडर-21 काता स्पर्धा में रजत पदक अपने नाम किया।

इसके अलावा पुरुष सीनियर टीम काता स्पर्धा में लखनऊ के खिलाड़ियों ने कांस्य पदक हासिल किया। इस टीम में जय भारत दुबे, ज्ञानेश सिंघल, आशीष कुमार और अभिषेक गौतम शामिल रहे, जो लखनऊ की द टाउंस कराटे अकादमी में प्रशिक्षण लेते हैं। वाराणसी की आकांक्षा ने बालिका अंडर-21 कुमिते के 61 किलोग्राम से कम भार वर्ग में कांस्य पदक जीता, जबकि नोएडा के ठाकुर चौहान ने बालक अंडर-21 कुमिते के 75 किलोग्राम से कम भार वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया।



पदक के साथ यूपी के खिलाड़ी। अमृत विचार

पदक विजेताओं को कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन (कियो) के महासचिव संजीव कुमार जांगड़ा ने पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। वहीं कराटे एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश के चेयरमैन कुणाल सिल्कू (आईएएस), अध्यक्ष टीपी हवेलिया, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. सैयद रफत जुबैर रिजवी और महासचिव जसपाल सिंह ने सभी पदक विजेताओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# जीत के लिए तैयारियों को धार दे रहीं प्रगति

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** हजरतगंज स्थित पैरा जूडो अकादमी में इन दिनों एक ऐसी एथलीट की तैयारियां चल रही हैं, जो जीत की गूंज सुनने को बेताब है। प्रयागराज की रहने वाली डेफ जूडोका प्रगति मई में कजाकिस्तान में आयोजित होने वाली एशियन डेफ जूडो चैंपियनशिप में भारत का तिरंगा लहराने के लिए कड़ी मेहनत कर रही हैं। प्रगति की यह यात्रा केवल जूडो के दांव-पेंच सीखने तक सीमित नहीं है, बल्कि उन चुनौतियों को भी मात देने की कहानी है जिनका सामना उन्हें अभ्यास के दौरान करना पड़ता है।

सुनने में असमर्थ होने के बावजूद उन्होंने इशारों की भाषा को अपनी ताकत बना लिया है। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षकों के संकेतों को वह अब पलक झपकते ही समझ लेती हैं। पिछले तीन वर्षों से परिवार से दूर रहकर लखनऊ में लगातार अभ्यास कर रहीं प्रगति का समर्पण और जज़्बा देखने लायक है। इंडियन ब्लाइंड पैरा जूडो एसोसिएशन के मुख्य कोच मुनव्वर अंजार बताते हैं कि प्रगति ने पिछले वर्ष नवंबर में जापान में आयोजित डेफ ओलंपिक में पांचवां स्थान हासिल कर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया था।



प्रशिक्षक मुनव्वर अंजार के साथ प्रगति। अमृत विचार

- एशियन डेफ जूडो चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतने को पसीना बहा रही हैं प्रगति

राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीत चुकी प्रगति अब अगले महीने होने वाले भारतीय टीम के चयन ट्रायल की तैयारी में जुटी हैं। चयन ट्रायल में बेहतर प्रदर्शन कर वह एशियन डेफ जूडो चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने और देश के लिए स्वर्ण पदक जीतने का सपना साकार करना चाहती हैं।

इंडियन ब्लाइंड पैरा जूडो एसोसिएशन के मुख्य कोच मुनव्वर अंजार ने बताया कि पदक जीतने के लिए प्रगति कड़े अभ्यास में जुटी है। वह अभ्यास के दौरान सामान्य खिलाड़ियों के साथ जोरआजमाइश कर नए दांव-पेंच सीख रही है। उसकी मेहनत और लगन को देखते हुए भारतीय डेफ जूडो टीम में उसके चयन की प्रबल संभावना है।

# लविवि में शुरू होंगे एम फार्मा के पाठ्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लविवि के फार्मास्युटिकल साइंसेज़ को पीसीआई से मिली मान्यता
- शैक्षणिक सत्र 2026-27 से शुरू होंगे एम फार्मा पाठ्यक्रम

**अमृत विचार:** लखनऊ विश्वविद्यालय के नवीन परिसर स्थित 'इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज़' ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। भारतीय भेषजी परिषद (फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया) ने संस्थान में संचालित होने वाले विभिन्न पाठ्यक्रमों को अपनी आधिकारिक स्वीकृति प्रदान कर दी है।

संस्थान के इतिहास में पहली बार पीसीआई ने दो प्रमुख स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों को विधिवत मान्यता दी है जिनमें एम. फार्म (फार्मास्युटिक्स) और एम. फार्म (फार्माकोलॉजी) शैक्षणिक सत्र 2026-27 से इन दोनों विषयों में 15-15 सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

बी फार्मा और डी फार्मा को मिली मान्यता

स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के साथ-साथ संस्थान में पहले से संचालित बी. फार्म (स्नातक) और डी. फार्म (डिप्लोमा) पाठ्यक्रमों को भी आगामी सत्र 2026-27 के लिए पीसीआई द्वारा पुनः विस्तार मान्यता प्रदान की गई है। अब यह संस्थान डिप्लोमा से लेकर मास्टर डिग्री तक फार्मेसी शिक्षा के सभी मानकों को पूरा करने वाला एक पूर्ण शैक्षणिक केंद्र बन गया है।

इस संबंध में कुलपति, लखनऊ विश्वविद्यालय प्रो. जेपी सैनी ने बताया कि एम. फार्म पाठ्यक्रमों की स्वीकृति विश्वविद्यालय की शैक्षणिक प्रगति की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। इससे न केवल विद्यार्थियों को शोध के बेहतर अवसर मिलेंगे, बल्कि प्रदेश में फार्मेसी शिक्षा को एक नई गुणवत्ता और दिशा प्राप्त होगी।

# इन्सपायर अवार्ड मानक योजना में लखनऊ मंडल का दबदबा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- जिला, राज्य के बाद अब केंद्रीय स्तर पर होगी प्रतिस्पर्धा

**अमृत विचार :** केंद्र सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा संचालित इन्सपायर अवार्ड मानक योजना में लखनऊ मण्डल के बाल वैज्ञानिकों ने अपनी मेधा का लोहा मनवाया है। मण्डलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार द्वारा जारी पिछले चार वर्षों के आंकड़ों के विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि लखनऊ मण्डल न केवल उत्तर प्रदेश में अग्रणी भूमिका निभा रहा है, बल्कि चयन की संख्या में भी लगातार वृद्धि दर्ज कर रहा है।

गत वर्ष 2024-25 में लखनऊ मण्डल के छह जनपदों लखनऊ, उन्नाव, लखीमपुर खीरी, रायबरेली, सीतापुर और हरदोई—से रिकॉर्ड 665 बाल वैज्ञानिकों का चयन हुआ। जनपदवार प्रदर्शन में लखनऊ 281 चयन के साथ प्रथम स्थान पर रहा, जबकि उन्नाव 107 चयन के साथ दूसरे स्थान पर रहा। लखीमपुर खीरी में 87 चयन के साथ तीसरा स्थान, रायबरेली में 68 चयन के साथ चौथा स्थान तथा सीतापुर और हरदोई में 61-61 चयन के साथ संयुक्त रूप से पांचवां स्थान रहा।

विगत वर्षों के प्रदर्शन पर नजर डालें तो वर्ष 2023-24 में मण्डल से कुल 350 चयन हुए थे, जिसमें लखनऊ जनपद 141 चयनों के साथ शीर्ष पर रहा। हरदोई (61) और लखीमपुर खीरी (54) ने भी बेहतर प्रदर्शन किया। इससे पूर्व वर्ष 2022-23 में कुल 174 बाल वैज्ञानिकों का चयन हुआ था, जबकि वर्ष 2021-22 में उत्तर प्रदेश के कुल 1722 चयनों में से अकेले लखनऊ मण्डल ने 226 स्थान प्राप्त कर अपनी विशेष पहचान बनाई थी। उस वर्ष भी लखनऊ (83) और हरदोई (68) का सर्वाधिक योगदान रहा।

डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि योजना का मुख्य उद्देश्य कक्षा 6 से 10 तक के छात्रों में रचनात्मक सोच और वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना है। चयनित छात्रों को उनके बेस्ट आइडिया पर मॉडल तैयार करने के लिए वित्तीय सहायता दी जाती है। उन्होंने कहा कि लखनऊ मण्डल के जनपदों में लगातार बढ़ती चयन संख्या यह दर्शाती है कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के विद्यालयों में विज्ञान के प्रति छात्रों की रुचि बढ़ रही है।

# अस्मिता महिला एथलेटिक्स लीग का लखनऊ में आयोजन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च को लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में अस्मिता के अंतर्गत महिला एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम भारत सरकार के युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय तथा भारतीय खेल प्राधिकरण के निर्देशन में आयोजित किया जा रहा है। प्रतियोगिता का समन्वय साई लखनऊ के हॉकी प्रशिक्षक ऋषि कुमार और मेरा युवा भारत के उपनिदेशक के सहयोग से किया जा रहा है। प्रतियोगिता में लगभग 1000 से अधिक महिला प्रतिभागियों के शामिल होने की संभावना है।

अस्मिता लीग का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करना तथा खेलों में उनकी भागीदारी बढ़ाना है। प्रतियोगिता में तीन आयु वर्ग बनाए गए हैं, जिनमें अंडर-13 वर्ष, 13 से 18 वर्ष और 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग शामिल हैं। इन सभी वर्गों में 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर दौड़ की प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। कुल नौ दौड़ प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी। इसके अतिरिक्त प्रतिभागियों के लिए रस्साकसी जैसी सहभागिता गतिविधि भी आयोजित की जाएगी।

कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए जिला प्रशासन विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर रहा है। अधिक से अधिक महिला प्रतिभागियों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए शिक्षा विभाग, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अलीगंज, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, उच्च शिक्षा विभाग, राष्ट्रीय सेवा योजना, राष्ट्रीय कैडेट कोर तथा भारत स्काउट एवं गाइड का सहयोग लिया जा रहा है। इसके अलावा कार्यक्रम स्थल पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से एम्बुलेंस और चिकित्सक दल की तैनाती की जाएगी, जबकि पुलिस विभाग द्वारा सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। प्रतियोगिता के तकनीकी संचालन के लिए क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी की ओर से निर्णायक और प्रशिक्षक नियुक्त किए जाएंगे। इसके साथ ही जिला प्रशासन ने सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों और खेल संस्थानों से अपील की है कि अधिक से अधिक बालिकाएं और महिलाएं अस्मिता पंजीकरण पोर्टल पर पंजीकरण कर इस प्रतियोगिता में भाग लेकर महिला सशक्तिकरण के इस अभियान को सफल बनाएं।

## होने लगा गर्मी का अहसास


फागुन महीने में गर्मी का असर दिखने लगा है, गर्मी से बचने के लिए मुंह पर कपड़ा ढककर जाती युवतियां। अमृत विचार

# थूककर रोटी बनाने वाला गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने की कार्रवाई

**अमृत विचार:** पारा इलाके में स्थित मुरादाबादी बिरयानी की दुकान में काम करने वाले कारीगर ने आटे में थूककर रोटी बनाई। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जिसके बाद लोगों ने पारा थाने में शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले का संज्ञान लेते हुए आरोपी को कारीगर को गिरफ्तार कर लिया।

इंस्पेक्टर पारा सुरेश सिंह के मुताबिक दो मार्च को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था। इसमें एक युवक रोटी बनाते समय उस पर थूकता दिख रहा था। वीडियो सामने आते ही पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू की। जांच में पता चला कि वीडियो पारा क्षेत्र स्थित मुरादाबादी बिरयानी की एक दुकान का है। वीडियो में दिखाई दे रहा युवक दुकान का कारीगर अनस है। अनस बाराबंकी जिले के कोठी भानमऊ का रहने वाला है। इंस्पेक्टर सुरेश सिंह के अनुसार मामले की पुष्टि होने के बाद आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। इंस्पेक्टर पारा सुरेश सिंह ने बताया कि आरोपित के खिलाफ शांतिभंग की आशंका में भी कार्रवाई करते हुए उसे हिरासत में लिया गया है।

# दो महिलाओं समेत तीन से हुई लूट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बिजनौर में महिला का मंगलसूत्र छीना
- आशियाना में महिला की चेन खींची
- बीकेटी में कार सवार युवक से 1.20 लाख से भरा बैग लूटा

**अमृत विचार:** शहर में बाइकर्स गिरोह पुलिस के लिए चुनौती बने हुए हैं। बिजनौर और आशियाना में बदमाश ने दो महिलाओं का मंगलसूत्र व चेन लूट ली। वहीं, बीकेटी में बदमाशों ने कार सवार युवक का नकदी से भरा बैग लूट लिया। बैग में 1.20 लाख रुपये व मोबाइल था।

बिजनौर के न्यू गुडौरा निवासी राहुल ने बताया कि 1 मार्च की देर शाम करीब आठ बजे मां अंजू यादव बाजार से सब्जी खरीदकर घर आ रही थी। जैसे ही वह न्यू गुडौरा भारत पेट्रोलियम के पीछे वाली सड़क पर पहुंची, तभी पीछे से एक बदमाश ने झपट्टा मारकर मां का मंगलसूत्र लूट लिया। मां ने शोर मचाया तो पड़ोस के लोगों ने बदमाश को दौड़ाया। बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर शहीद पथ सर्विस लेन की ओर से भाग गया। राहुल ने बिजनौर थाने में लूट की रिपोर्ट दर्ज करायी है।

वहीं, कृष्णानगर के इंद्रलोक कॉलोनी निवासी सर्वोत्तम सिंह ने बताया कि 26 फरवरी को मां महिला सिंह व बहन चारूस्मिता के साथ दोस्त की रिसेप्शन पार्टी में शामिल होने चांसलर क्लब आशियाना आया था। रात करीब 11:20 वापस लौटने के लिए क्लब से बाहर निकलकर गाड़ी में बैठने लगे। तभी बाइक सवार लुटेरे ने झपट्टा मारकर मां की चेन लूट ली। सर्वोत्तम ने छह दिन बाद पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज करायी है।

उधर, बीकेटी के भैंसामऊ निवासी आलोक मिश्र ने बताया कि 11 फरवरी की शाम भैंसामऊ क्रॉसिंग के पास एक बदमाश ने गाड़ी के शीशे पर हाथ मारते हुए कहा कि कार आराम से चलाया करो। जब तक वे कुछ समझ पाते, उसी दौरान दूसरे बदमाश ने बैग लूट लिया। बैग में 1.20 लाख रुपये, मोबाइल व अन्य सामान था। आलोक ने तीन हफ्ते बाद लूट की रिपोर्ट दर्ज करायी है।

# रियल एस्टेट कंपनी ने प्लॉट का झांसा देकर बुजुर्ग से ठगे 20 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- डीसीपी साउथ के आदेश पर गुरुकृपा कंस्ट्रक्शन के निदेशक पिता-पुत्र पर बिजनौर थाने में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** रियल एस्टेट कंपनी गुरुकृपा कंस्ट्रक्शन ने प्लॉट दिलाने का झांसा देकर बुजुर्ग से 20 लाख रुपये ऐंठ लिए। दो साल बाद भी प्लॉट न मिलने पर पीड़ित ने रुपये वापस मांगे तो धमकाया गया। डीसीपी साउथ निपुण अग्रवाल के आदेश पर बिजनौर पुलिस ने निदेशक पिता-पुत्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर बिजनौर कपिल गौतम ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

रायबरेली रोड स्थित ओमेक्स सिटी निवासी 65 वर्षीय दिनेश चंद्र पांडेय ने बताया कि वर्ष 2023 में वे एक प्लॉट खरीदने के इच्छुक थे। इसी दौरान उनकी मुलाकात ओमेक्स सिटी स्थित गुरुकृपा कंस्ट्रक्शन कंपनी के निदेशक राजकुमार सिंह निवासी पुरवा उन्नाव और उनके बेटे अनुराग सिंह से हुई। बातचीत के दौरान आरोपियों ने मोहनलालगंज में प्लॉट दिखाया। पसंद आने पर पीड़ित ने ऑनलाइन रुपये ट्रांसफर कर दिए। आरोपियों ने कुछ माह बाद रजिस्ट्री कर कब्जा देने की बात कही थी।

पीड़ित ने बताया कि तय समय बाद आरोपियों ने टालमटोल शुरु कर दी। परेशान होकर पीड़ित दिनेश ने रुपये वापस मांगे तो गाली-गलौज कर धमकाना शुरु कर दिया। पीड़ित दिनेश ने डीसीपी साउथ से मुलाकात कर शिकायत की। शुरुआती जांच में आरोप सही मिलने पर बिजनौर पुलिस ने राजकुमार सिंह और उनके बेटे अनुराग के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

**जालसाजी** — संयुक्त रूप से व्यापार करने के नाम पर की ठगी, पुलिस कर रही जांच

# साझीदार पर 8 .39 करोड़ रुपये हड़पने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पुलिस ने तहरीर के आधार पर दर्ज की रिपोर्ट
- मामले की जांच करने में जुटी पुलिस
- बोली पुलिस, जल्द ही दोषियों पर होगी कार्रवाई

**अमृत विचार :** सुशांत गोल्फ सिटी थाने में वाटिका निर्माण प्रा. लि. के निदेशक आशीष अग्रवाल ने अपने पूर्व साझीदार शशांक गुप्ता पर 8.39 करोड़ रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। आरोप है कि यह रकम संयुक्त रूप से कारोबार शुरू करने के नाम पर दी गई थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

वाटिका निर्माण प्रा. लि. के निदेशक आशीष अग्रवाल के मुताबिक, 1995 में आईआईटी रुड़की से बीटेक करने के बाद वह अमेरिका की एक आईटी कंपनी में काम करने लगे थे। वर्ष 2002 में उनकी मुलाकात शशांक गुप्ता से हुई, जो आईआईटी रुड़की के पूर्व छात्र हैं। वर्ष 2013-14 में शशांक गुप्ता ने व्यापार शुरू करने की योजना बनाई, जिसके बाद दोनों ने मिलकर कई कंपनियों में निवेश किया। आरोप है कि समूह की कई कंपनियों अर्बन एक्सिस इंफ्राटेक लि., केबीजी इंफ्रास्ट्रक्चर प्रा. लि., ओटीएस इंफ्रा प्रा. लि., पासेजियो कंसल्टिंग प्रा. लि. और सैंड एंड स्टोन इंफ्रा प्रा. लि. के बैंक खातों का संचालन शशांक गुप्ता के पास था और वही एकमात्र अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता थे।




आशीष के अनुसार, वर्ष 2016 से फरवरी 2022 तक शशांक गुप्ता वाटिका निर्माण प्रा. लि. में निदेशक और मुख्य वित्त अधिकारी रहे। इसी दौरान उन्होंने कंपनी के खातों से बड़ी धनराशि अपनी दूसरी कंपनी डीएस इंफ्राहाइट्स प्रा. लि. में ट्रांसफर कर दी। कंपनी के वित्तीय ऑडिट में सामने आया कि वाटिका निर्माण के खाते से 15.6 करोड़ रुपये से अधिक की रकम डीएस इंफ्राहाइट्स के खाते में भेजी गई, जिसमें से करीब 6.77 करोड़ रुपये वापस कर दिए गए, जबकि 8.39 करोड़ रुपये अब तक वापस नहीं किए गए।

आरोप है कि वर्ष 2021 में संदिग्ध लेनदेन पर सवाल उठाए जाने पर 26 नवंबर 2021 को शशांक गुप्ता ने आशीष अग्रवाल के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में पुलिस ने वर्ष 2022 में मारपीट, बंधक बनाने और धमकी देने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी और शशांक गुप्ता के खिलाफ चार्जशीट भी दाखिल कर दी गई है। आशीष अग्रवाल ने कंपनी की ओर से गबन की रकम वापस करने के लिए तीन बार नोटिस भेजा, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला।

इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फ सिटी राजीव रंजन उपाध्याय के मुताबिक तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और मामले की जांच की जा रही है।